# प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 14.09.2023

## थाना बहेडी जनपद बरेली ।

**थाना बहेडी #bareillypolice द्वारा चोरी के ट्रकों के चेसिस व इंजन नम्बर बदलकर धोखाधड़ी कर फर्जी अभिलेख तैयार कराकर ट्रकों की खरीद-फरोख्त करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का खुलासा कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया ।**

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बरेली द्वारा चोरी किए गये वाहनों के अवैध रुप से संचालन एवं अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी बहेड़ी महोदय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बहेड़ी के नेतृत्व में उ0नि0 श्री संजीव कुमार, उ0नि0 श्री जावेद अली, उ0नि0 श्री नेपाल सिंह, उ0नि0 श्री विकास कुमार, हे0का0 768 अरूण कुमार, का0 623 दुर्गेश कुमार, का0 2720 शान्ति स्वरूप, का0 3886 रवि कुमार, का0 3528 संदीप कुमार के द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति चोरीं के ट्रकों को लाकर उनके इंजन नम्बर चेसिस नम्बर घिसकर अन्य प्रांतो से एनओसी लेकर एनओसी के आधार पर नयी इंजन नम्बर चेसिस नम्बर लिखकर इन ट्रकों का रजिस्ट्रेशन कराकर चोरी के ट्रकों को असली बनाकर बेचने का काम करते हैं। चोरी के ट्रकों को फर्जी रूप से सही जैसा तैयार करके बेचने की फिराक में लेकर आये है जो फूड प्लाजा वाले रोड पर खडी करके ग्राहकों के इंतजार में हैं । इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बहेड़ी मय पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर ट्रकों में बैठे व्यक्तियों को पकडने का प्रयास किया तो तीन व्यक्तियों को मौके से पकड़ लिया तथा पांच व्यक्ति गन्ने के खेतो का लाभ उठाकर भाग गये । मौके पर ही ट्रकों को कब्जे में लिया गया तथा बरामद सामान को कब्जा पुलिस में लिया गया । मौके से अभियुक्तगण 1.परवेज उर्फ गुड्डु पुत्र मो0 उमर निवासी बाबूगढ़ पुलिस लाईन रोड थाना गंज जनपद रामपुर 2. अकील अहमद पुत्र हाजी मारूफ निवासी मो0 दायमपुरा थाना टांडा जनपद रामपुर 3. दानिश पुत्र मो0 शमद निवासी मो0 वेलीपुरा कस्बा व थाना रामनगर जनपद नैनीताल उत्तराखण्ड को गिरफ्तार किया गया तथा 1. इम्तियाज पुत्र नियाज बहादुर निवासी ठिरिया थाना देवरनियां जनपद बरेली 2. युसूफ पुत्र राहत हुसैन निवासी रमपुरा कस्बा व थाना सितारगंज उत्तराखण्ड 3. फरमान पुत्र राहत हुसैन निवासी रमपुरा कस्बा व थाना सितारगंज उत्तराखण्ड 4. फ़रीद पुत्र शहरूद्दीन निवासी वार्ड सं0 2 फहीम आंचल की दुकान के पास कस्बा व थाना देवरनिया जनपद बरेली 5. छोटे पुत्र बुद्धा निवासी मो0 शेखूपुर थाना बहेड़ी जनपद बरेली मौके से फरार होने में सफल रहे । उक्त प्रकरण में थाना बहेड़ी पर मु0अ0सं0 559/23 धारा 419/420/467/468/471/411/414 भादवि पंजीकृत कर अभियुक्तगण उपरोक्त को जेल भेजा जा रहा है ।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः–**

1. परवेज उर्फ गुड्डु पुत्र मो0 उमर निवासी बाबूगढ़ पुलिस लाईन रोड थाना गंज जनपद रामपुर ।
2. अकील अहमद पुत्र हाजी मारूफ निवासी मो0 दायमपुरा थाना टांडा जनपद रामपुर ।
3. दानिश पुत्र मो0 शमद निवासी मो0 वेलीपुरा कस्बा व थाना रामनगर जनपद नैनीताल उत्तराखण्ड ।

**आपराधिक इतिहास परवेज उर्फ गड्डुः-**

**1.**मु0अ0स0 559/2023 धारा 419/420/467/468/471/411/414 भादवि थाना बहेडी बरेली ।

**2.**मु0अ0स0 386/2015 धारा 420/467/468/471 भादवि थाना स्वार जिला रामपुर ।

**आपराधिक इतिहास अकील अहमदः–** मु0अ0सं0 559/2023 धारा 419/420/467/468/471/411/414 भादवि थाना बहेडी बरेली।

**आपराधिक इतिहास दानिशः–**

1.मु0अ0सं0 559/2023 धारा 419/420/467/468/471/411/414 भादवि थाना बहेडी बरेली।

2.मु0अ0सं0 0102/2022 धारा 419/420/467/468/471/411/413/414 थाना ढोलना जिला कासगंज।

**बरामदगीः–**

1.04 अदद ट्रक

2.01 अदद ECM

3.एक अदद ग्रेन्डर

4.एक अदद हथौड़ी

5.एक अदद सुग्गी

6.एक अदद छेद करने वाली पत्ती

7.04 अदद इंजन नम्बर की पट्टिकाए

8.एक अदद रिपिट ठोकने वाली हत्थी

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री श्रवण कुमार सिंह थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

2.उ0नि0 श्री संजीव कुमार थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

3.उ0नि0 श्री जावेद अली थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

4.उ0नि0 श्री नेपाल सिंह थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

5.उ0नि0 श्री विकास कुमार थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

6.हे0का0 768 अरूण कुमार थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

7.का0 623 दुर्गेश कुमार थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

8.का0 2720 शान्ति स्वरूप थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

9.का0 3886 रवि कुमार थाना बहेड़ी जनपद बरेली।

10.का0 3528 संदीप कुमार थाना बहेड़ी जनपद बरेली।